हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 15 अगस्त, 2025
यमुनानगर-अंबाला

तापमान
अधिकतम 32.4 डिग्री
न्यूनतम 24.5 डिग्री

## बाइक डिवाइडर से टकराई, दो की मौत

**समालखा।** समालखा में जीटी रोड पर बाइक का संतुलन बिगड़ गया और डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में बाइक सवार युवक-युवती की मौत हो गई। दोनों चंडीगढ़ से वृंदावन जा रहे थे। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। हादसा गुरुवार सुबह 7 बजे डीडब्ल्यूपीएस स्कूल के सामने फ्लाईओवर से पहले हुआ। युवक 25 साल के दीपक और युवती 22 वर्षीय चित्राक्षी डिवाइडर से टकराकर करीब 100 मीटर तक घसीटते चले गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां चेकअप के बाद डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी दीपक के अनुसार, दोनों सेक्टर 30-बी चंडीगढ़ के रहने वाले थे।

## खबर संक्षेप

### लाडवा : स्वतंत्रता दिवस पर एसडीएम फहराएंगी तिरंगा

**लाडवा।** तहसीलदार नवम धानिया ने कहा कि 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर आजादी का जश्न भव्य व शानदार ढंग से अनाज मंडी लाडवा में मनाया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व है, इस समारोह की गरिमा के अनुरूप सभी अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित तैयारियों व जिम्मेदारियों को समयबद्घ तरीके से पूरा कर लिया है। तहसीलदार नवम धानिया वीरवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह स्थल अनाज मंडी में तैयारियों का निरीक्षण कर रहे थे। समारोह में परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा पीटी एवं लेजियम बैंड, स्काउट और मलखम्ब की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस समारोह में उपमंडल अधिकारी नागरिक डा. चिनार चहल मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए तिरंगा झंडा फहराएंगी।

### पौधे हमारी सांस, इन्हे रोपित करना है जरूरी

**कुरुक्षेत्र।** डेरा सच्चा सौदा की साध संगत ने जगह जगह पौधे रोपित किए। जिला भर में हर गांव व कॉलोनी में संगत द्वारा पौधे रोपित किए गए। गांव बारना के पीएम श्री शहीद सुरेंद्र कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पौधा रोपण कार्यक्रम में चौ. रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डा. रणपाल सिंह, बिजली बोर्ड करनाल के अधीक्षक अभियंता नसीब सिंह, डिप्टी सिविल सर्जन डा. जगविंद्र मलिक व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन संस्थान के प्राध्यापक डा. अनिल कुमार ने विशेष रूप से शिरकत की।

### लिटिल मिलेनियम स्कूल में मनाया स्वतंत्रता दिवस

**कुरुक्षेत्र।** लिटिल मिलेनियम स्कूल में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने विद्यार्थी स्वतंत्रता सेनानियों के रूप में सजे और मंच पर आकर उनके योगदान को प्रस्तुत किया। बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में रानी लक्ष्मीबाई, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी आदि की भूमिका निभाई। कक्षाओं में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें देशभक्ति गीत, कविता पाठ, चित्रकला और हस्तशिल्प शामिल थे।


### गीता विद्या मंदिर स्कूल में मनाया जन्माष्टमी पर्व

**शाहबाद।** गीता विद्या मंदिर स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े हर्षो उल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य निशा गोयल ने दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ किया। निशा गोयल द्वारा विद्यालय परिवार को जन्माष्टमी की शुभकामनाए दी गई। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित भजन , नृत्य और नाटक प्रस्तुत किए ।

## ढाबे के सैफ की चाकुओं से गोदकर निर्ममता से हत्या

दो बाइक सवारों पर वारदात को अंजाम देने का शक

- पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की
- पुलिस खंगाल रही आसपास के सीसीटीवी कैमरे





**अंबाला।** सीसीटीवी कैमरे में कैद साहिल व परिजनों के बयान दर्ज करती पुलिस। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। शहजादपुर

कस्बे में देर रात एक युवक की हत्या हो गई। हत्या को उस समय अंजाम दिया गया, जब युवक अपने काम से घर लौट रहा था। जिस युवक की हत्या हुई है उसकी पहचान उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल जिले के साहिल के रूप मे हुई है। साहिल शहजादपुर में रह रहा था।

यहां हाईवे स्थित स्टार ढाबा में तंदूर शेफ था। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार हाइवे स्टार ढाबा पर बतौर कैशियर काम करने वाले पंकज कुमार ने पुलिस को बताया कि साहिल बुधवार रात करीब 11:00 बजे वह ढाबे से अपना काम खत्म कर घर की ओर निकला था। लेकिन जैसे ही वह हाईवे पार करके दूसरी ओर गया तो, वहां पर उसके साथ वारदात हो गई। ढाबे के मैनेजर ने बताया कि उन्हें ड्यूटी ऑफ कर रहे एक दूसरे लड़के ने जानकारी दी के साहिल जब सड़क क्रॉस करके ढाबे की तरफ वापस आ रहा था तो दो बाइक पर लड़के साहिल के पीछे आए थे। शायद उन्होंने ही साहिल पर चाकू से हमला किया होगा। मैनेजर ने बताया कि जब वह ढाबे के बाहर आए तो साहिल खून से लथपथ था। इसके बाद उसे गाड़ी में डालकर शहजादपुर अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने उसे चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया। जहां पर साहिल ने दम तोड़ दिया। मैनेजर के मुताबिक साहिल शांत स्वभाव का था। उसका किसी के साथ लड़ाई झगड़ा नहीं था। वह अकेला ही ज्यादा रहता था। वह घर से काम और काम से घर पर ही जाता था। पुलिस ने साहिल के घर वालों को जानकारी दे दी है।

### हत्या व लूटपाट में मामला दर्ज

पुलिस के सामने भी सवाल है कि यह हत्या लूटपाट के इरादे से की गई है या फिर रंजिशन। फिलहाल पुलिस आसपास के सभी सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। थाना प्रभारी अशोक कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि हत्या व लूटपाट में मामला दर्ज किया गया है और जल्द ही हत्यारे पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## अस्पताल से छुट्टी मिलने पर बदमाशों को रिमांड पर लिया

- 29 जुलाई को बदमाशों ने शराब ठेके पर की थी लूट
- पुलिस से बचकर भागने के चक्कर में घायल हो गए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

शहर के तेजली स्टेडियम के पास शराब के ठेके पर हुई लूट के दो आरोपियों को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद सीआईए वन पुलिस ने दो बदमाशों को रिमांड पर लिया। रिमांड के दौरान पुलिस ने आरोपियों से लूट के 90 हजार रुपये व पिस्टल बरामद की।

सीआईए वन प्रभारी राजकुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश के जिला मुजफ्फरनगर के गांव बड़कली निवासी गौरव और जगाधरी की राजन गली निवासी पंकज ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर 29 जुलाई को शहर के तेजली गांव के पास शराब ठेके पर पिस्टल तानकर 90 हजार रुपये लूटे थे। आरोपियों ने इस दौरान एक हवाई फायर भी किया था। इस दौरान आरोपी बदमाश बाइक पर तेजली मोड़ नाके पर पुलिस को पिस्टल दिखाकर नाका तोड़ा और यूपी की ओर भागने लगे।

कैत मंडी के पास नाके पर पुलिस से बदमाशों की मुठभेड़ हो गई थी। इस दौरान एक बदमाश ने कांस्टेबल की उंगली दांतों से काट डाली थी।

तीनों बाइक छोड़ गहरे गड्ढे में कूदकर भागने लगे। तब मौके पर सीआईए वन टीम ने तलाश कर दो बदमाश पकड़ लिए थे जबकि तीसरा बदमाश भागने में कामयाब हो गया था। आरोपी बदमाशों का तभी से यमुनानगर के सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा था।

### लूट के 90 हजार जब्त

पूछताछ में पता चला कि गौरव व पंकज पर चोरी, स्नैचिंग व डकैती जैसे 13 आपराधिक मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि वीरवार को दोनों आरोपियों को अस्पताल से छुट्टी मिल गई। जिसके बाद पुलिस ने उन्हें अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया। रिमांड के दौरान आरोपियों से लूटे गए 90 हजार रुपये व पिस्टल बरामद की गई।

## ट्रेन की चपेट में आने से नर्स की मौत

- घर से पैदल ही अस्पताल में ड्यूटी पर जा रही थी युवती

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

शहर के गांधी नगर फाटक के पास देर शाम ट्रेन की चपेट में आने से नर्स की मौत हो गई। मृतका प्राइवेट अस्पताल में नर्स की नौकरी करती थी। वह प्रतिदिन एक्टिवा से ड्यूटी पर जाती थी। मगर उसकी एक्टिवा खराब होने के कारण वह नाइट ड्यूटी के लिए पैदल ही अस्पताल जा रही थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

जीआरपी थाना के एसआई बोधराज ने बताया कि उन्हें वीरवार सुबह सूचना मिली थी कि गांधी नगर रेलवे फाटक के पास एक युवती की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई है। सूचना मिलते ही वह टीम के साथ मौके पर पहुंचा। युवती का सिर, जबड़ा व टांग कटकर 50-50 मीटर की दूरी पर पड़े थे। उसका चेहरा भी बूरी तरह से क्षत विक्षत हालत में था। जिससे उसकी पहचान करने में कठिनाई हुई। मृतका के पास से उसका बैग मिला। जिससे मिले दस्तावेजों से उसकी पहचान 22 वर्षीय रितू के रूप में हुई। उन्होंने हादसे के बाद मृतका के परिजनों को सूचित किया। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे। मृतका के भाई नरेंद्र कुमार ने बताया कि उसकी बहन शहर के निजी अस्पताल में नर्स की नौकरी करती थी। जुलाई माह में रितू ने अपना जन्मदिन मनाया था। वह प्रतिदिन एक्टिवा से ड्यूटी पर जाती थी। बुधवार रात को उसकी बहन की नाईट ड्यूटी थी। घर पर लेट होने की वजह से वह अपना मोबाइल भी घर पर ही भूल गई थी। जल्दबाजी में वह घर से ड्यूटी के लिए निकली थी। उसने बताया कि रितू के रिश्ते की बात चल रही थी। मगर इससे पहले ही उन्हें रितू के मौत की खबर सुनने को मिली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

## डेढ़ करोड़ की हेरोइन के साथ दो तस्कर काबू

- आरोपियों से 257 ग्राम 2 मिलिग्राम हेरोइन जब्त
- पुलिस ने आरोपियों को तीन दिन के रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला



**अंबाला।** पकड़े गए हेरोइन तस्करी के आरोपी। *फोटो : हरिभूमि*

पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ निरंतर कार्रवाई कर रही है। अब पुलिस ने हेरोइन तस्करी के मामले में दो आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने डेढ़ करोड़ रुपये कीमत की 257 ग्राम 2 मिलिग्राम हेरोइन जब्त की है।

अब पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है। पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना पड़ाव के टांगरी पुल के पास नशा तस्करी के मामले में सीआईए-1 अंबाला छावनी की डेहा कॉलोनी के रहने वाले सिकंदर व छावनी की ही ग्वाल मंडी के रहने वाले राज कुमार उर्फ पाइया को 257 ग्राम 2 मिलिग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को अब अदालत ने तीन दिन के रिमांड पर भेज दिया है। इंस्पेक्टर हरजिंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करते हैं। वे मोटरसाइकिल पर टांगरी पुल के पास गांव शाहपुर जीटी रोड होते हुए अंबाला छावनी में मादक पदार्थ की खेप लेकर पहुंच रहे हैं। पुलिस ने तुरंत नाकाबंदी कर मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया। आरोपियों की कर विधिनुसार तलाशी लेने पर उनसे 257 ग्राम 2 मिलिग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस के मुताबिक आरोपियों से जब्त हेरोइन की इंटरनेशनल मार्केट डेढ़ करोड़ कीमत आंकी जा रही है।

## शिक्षा के साथ सामाजिक जागरूकता भी जरूरी

- महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना मैसी के कार्यों की पुलिस अधीक्षक ने की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना मैसी का प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक नितीश अग्रवाल से मुलाकात अवसर पर।

एक शिक्षित बच्चा केवल अपना भविष्य नहीं बदलता, बल्कि पूरे समाज की दिशा बदल सकता है। इसी प्रेरणादायक विचार के साथ महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना मैसी कुरुक्षेत्र में पिछले कई वर्षों से जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को शिक्षा दिलाने के साथ साथ उनके उज्जवल भविष्य के निर्माण में उल्लेखनीय योगदान कर रही है।

मैसी के बारे में कुरुक्षेत्र पुलिस अधीक्षक नितीश अग्रवाल ने संस्था के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना के बारे में जानकारी लेकर विस्तार से चर्चा की। उल्लेखनीय है कि कुरुक्षेत्र में वर्षों पहले मैसी की स्थापना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को उच्च शिक्षा और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ाना रहा है। संस्था अब तक सैंकड़ों बच्चों को शिक्षा हेतु सम्मान जनक सहयोग कर चुकी है। जिस वजह से आज बहुत बच्चे अच्छे पायदान पर पहुंच गए हैं और उच्च पदों पर विराजमान हैं। समाज में शिक्षा की अलख जगाने के साथ साथ मैसी समय समय पर कैरियर एवं संस्कार कार्यशाला का आयोजन भी करती है।

इसी क्रम में संस्था के पदाधिकारियों ने कुरुक्षेत्र के पुलिस अधीक्षक नितीश अग्रवाल से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर एसपी नितीश अग्रवाल ने मैसी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को केवल किताबों का ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन के सही मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों की शिक्षा भी दी जानी चाहिए। इस अवसर पर मैसी के प्रधान मुनीष मित्तल के साथ साथ राजेश सिंगला, विनय गुप्ता, अशोक गर्ग, मुकेश मित्तल, सुमित गर्ग हिन्दुस्तानी, श्रीकांत बंसल इत्यादि भी मौजूद रहे।

### जेल के बाहर राइफल से चली गोली, सिपाही की मौत

**कुरुक्षेत्र।** जिला जेल के बाहर सिपाही की गोली लगने से मौत हो गई। घटना उस समय हुई, जब वे कैदियों की पेशी के लिए जेल के बाहर आए थे और जेल गेट के पास बेंच पर बैठे हुए थे। अचानक उनकी राइफल से गोली चल गई, जो सीधे उनकी गर्दन में लगी। मृतक की पहचान करीब 50 वर्षीय जयभगवान हाल निवासी पुलिस लाइन के रूप में हुई। जयभगवान मूल रूप से कैथल के सौंगल गांव का रहने वाला था।

पुलिस लाइन कुरुक्षेत्र में उनकी ड्यूटी लगी हुई थी। वीरवार सुबह करीब 10 बजे एसपीओ जयभगवान कैदियों की कोर्ट में पेशी लगवाने के लिए जिला जेल के बाहर ड्यूटी पर आए थे। वे बेंच पर बैठे थे। इसी दौरान अचानक उनकी राइफल से गोली चली, जो उनकी गर्दन को छलनी करती हुई खोपड़ी में जा लगी। घटनास्थल पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही जेल के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और जयभगवान को लहूलुहान अवस्था में एलएनजेपी अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया।

## प्रभावित सैनिकों,आश्रितों के कल्याण के लिए दिए 2 करोड़



कुरुक्षेत्र ।आजादी की 79वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर जिन्दल स्टील के कर्मचारियों ने अपनी देशभक्ति का परिचय देते हुए ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता के उपलक्ष्य में प्रभावित सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए 2 करोड़ रुपये दिए हैं। गौरतलब है कि पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की हत्या के बाद भारतीय सेना के जांबाजों ने मई महीने में ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में घुसकर अनेक आतंकी ठिकानों को नष्ट कर भारत का मान बढ़ाया था। राष्ट्र के प्रति भारतीय सेना के इस सर्वोच्च योगदान पर जिन्दल स्टील के कर्मचारियों ने स्वेच्छा से ड्यूटी के दौरान प्रभावित सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए अपने एक दिन के वेतन का योगदान किया है, जो कुल मिलाकर लगभग 2 करोड़ रुपये बनता है। कर्मचारियों के एकजुट योगदान का प्रतीक 2 करोड़ रुपये का चेक आज नई दिल्ली में कुरुक्षेत्र के सांसद और जिन्दल स्टील के चेयरमैन नवीन जिन्दल ने माननीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को औपचारिक रूप से सौंपा।

## अतीत के संघर्ष और हालात पर चर्चा, स्वस्थ जीवन की कामना
# स्वतंत्रता सेनानी की 105 वर्षीय पत्नी से मिले कल्याण

- विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने जाना कुशलक्षेम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। घरौंडा

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण के दिल में स्वतंत्रता सेनानियों और उनके परिजनों के प्रति कितना सम्मान, श्रद्धा व आदरभाव है, उसकी एक झलक वीरवार को घरौंडा में उम्र का शतक पूरा कर चुकी एक स्वतंत्रता सेनानी की विधवा के साथ की गई मुलाकात में देखी गई।

ऐसे मौके पर जब देश आजादी के जश्न में डूबा हो और स्वतंत्रता सेनानियों अथवा उनके परिवार के सदस्यों की सुध न ली जाए, यह कैसे हो सकता है। विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने गुरुवार को व्यस्त कार्यक्रम से समय निकालकर गहरी आत्मीयता और अपनेपन की भावना के साथ घरौंडा में एक स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय रणधीर सिंह की 105 वर्षीय पत्नी फुल्ला देवी व उनके परिजनों से मुलाकात की।

अतीत की यादों को ताजा किया और परिवार के बच्चों को शिक्षा रूपी ज्ञान अर्जित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विधानसभा अध्यक्ष सुबह वार्ड दस में रणधीर सिंह के घर पहुंचे और श्रद्धा भाव से नमन करते हुए फुलवती देवी के साथ उस समय के हालात और अनुभव पर गहन चर्चा की। फुल्ला देवी के पति स्वतंत्रता सेनानी रणधीर सिंह को सत्याग्रह आंदोलन में भाग लेने के कारण ढाई साल की सजा सुनाई गई थी। वे 1939 में नांदेड़(महाराष्ट्र)में एक हफ्ता और फिर निजामुद्दीन हैदराबाद में तीन महीने छह दिन जेल में बंद रहे। बाकी सजा उनकी माफ कर दी गई थी। रणधीर सिंह का 4 दिसंबर 1992 में निधन हो गया था।

विधानसभा अध्यक्ष ने फूलवती से पूछा-क्या परिवार के सदस्य उनकी ठीक से सेवा कर रहे हैं। जवाब में माता जी ने हामी भरी। विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें कल के स्वतंत्रता दिवस की याद दिलाई। परिवार में बच्चियों की शिक्षा के बारे में जानकारी ली और बीए द्वितीय वर्ष में पढ़ रही उनकी पोती अंजली को अधिकाधिक ज्ञान अर्जित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मेहनत का कोई सानी नहीं। अब तक सरकार भी मेरिट पर नौकरियां दे रही है।बातचीत में फुलवती देवी ने बताया कि वे आज भी तीन बार दूध पीती हैं। उनके बेटे ने बीच में दखल देते हुए बताया कि चने का सेवन भी करती हैं। तभी स्पीकर बोले-कॉलेज के दिनों में वे भी दिन में तीन-तीन किलो दूध पी जाते थे लेकिन आज के जाकत ऐसा नहीं कर रहे हैं। फुल्लो देवी से कहा कि आपने संघर्षपूर्ण व सादा जीवन देखा हुआ है, उस वक्त आजादी के लिए कितने लोगों ने कुर्बानी दी यह किसी से नहीं छिपा। उस स्वाधीनता संघर्ष की जानकारी आज बच्चों को पुस्तकों के जरिए प्राप्त हो रही है। उन्होंने फुल्लो देवी की लंबी उम्र और स्वस्थ जीवन की कामना की।

### नागरिकों से अपील

विधानसभा अध्यक्ष ने गत दिवस भी तिरंगा यात्रा के शुभारंभ मौके पर स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को सम्मानित करते हुए नागरिकों से अपील की थी कि वे भविष्य में भी इनका पूरा ध्यान रखें। समय-समय पर उनकी कुशलक्षेम जानें और यथा संभव सहायता करें। राजनीति में स्वतंत्रता सेनानियों व उनके परिवार के सदस्यों के प्रति इतना सम्मान व अपनेपन का भाव रखने वाले बहुत कम लोग हैं।


## अनाज मंडी पिहोवा में गीता सत्संग का दूसरा दिन
# गीता सम्पूर्ण मानवता के लिए मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पिहोवा




अनाज मंडी पिहोवा में आयोजित दिव्य गीता सत्संग के दूसरे दिन गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने भक्तजनों को अवतार परंपरा के गूढ़ रहस्यों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि अवतार परंपरा केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं, बल्कि तर्कसंगत, वैचारिक, व्यावहारिक और वैज्ञानिक आधारों पर टिकी हुई है।

महाराज जी ने श्रीकृष्ण की लीलाओं के कई प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि भगवान का जन्म और कर्म साधारण नहीं, बल्कि अलौकिक और दिव्य होते हैं। उन्होंने यशोदा मैया द्वारा नन्हे कन्हैया के मुख में संपूर्ण ब्रह्मांड के दर्शन की अद्भुत लीला का उल्लेख करते हुए बताया कि कैसे भगवान ने अपनी भागवत्ता को रहस्य के आवरण में ढककर मानवीय रूप में आचरण किया। गौ माता की महिमा पर प्रकाश डालते हुए स्वामी जी ने कहा कि कृष्ण गाय को अपने आराध्य के रूप में पूजते थे। प्रवचन के अंत में महाराज जी ने गीता के वैश्विक महत्व पर बल देते हुए कहा कि यह केवल सनातन धर्म की धरोहर नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिए मार्गदर्शन है। जिस प्रकार योग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है, उसी प्रकार गीता को भी पूरा विश्व अपना रहा है और अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती मनाई जा रही है।




## युवक ने किशोरी के साथ की छेड़छाड़

**यमुनानगर।** व्यासपुर थाना के एक गांव से व्यक्ति शादी का झांसा देकर 27 वर्षीय महिला को अगवा करके ले गया। महिला के पति बताया कि उसकी पत्नी तीन अगस्त को किसी काम से बाहर गई थी पर वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने पर कुछ भी पता नहीं चला। जांच करने पर पता चला कि उसकी पत्नी गांव तिहमो निवासी बलजीत सिंह से फोन पर बात करती थी।

## नाबालिग को किए गलत इशारे, केस दर्ज

**यमुनानगर।** सदर जगाधरी थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने 13 वर्षीय किशोरी के साथ छेड़छाड़ की। पुलिस ने किशोरी की मां की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ 12 पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार सदर जगाधरी थाना पुलिस को बताया कि उनके गांव का ही अशोक कुमार उसकी 13 वर्षीय लड़की पर गलत नजर रखता है। आरोपी उसकी लड़की को अकेला पाकर उसको गलत इशारे करता है। महिला ने बताया कि गत 14 जून को सुबह 11 बजे उसकी लड़की किसी काम से जा रही थी। इस दौरान आरोपी ने उसकी लड़की की तरफ गंदे इशारे करने शुरू कर दिए। उसकी लड़की ने घर आकर उसे घटना के बारे में बताया। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने देर शाम मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ 12 पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।





















































## श्री कृष्ण बने बच्चों ने जमाया रंग

# गोविंदा आला रे आला जरा मटकी संभाल बृजबाला पर किया डांस





कार्यक्रम के दौरान नृत्य करते स्कूली छात्र।

### पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस व श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य पर एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में स्कूल प्राचार्य डॉ. विकास कोहली ने बच्चों के साथ मिलकर श्री कृष्ण जी को झूला झुलाया, उन्हें भोग लगाया तथा आरती की । तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की उद्घोष से जूनियर विंग के बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। कृष्ण ,राधा और गोपियों की वेशभूषा में बच्चे बहुत सूंदर लग रहे थे। बच्चों ने, नृत्य नाटिका द्वारा कृष्ण लीला दिखाई जो की बहुत ही मनमोहक थी। हरे कृष्ण के जय घोष से प्रांगण गूंज उठा।

नर्सरी विंग के नन्हे नन्हे बच्चे बाल गोपाल कृष्ण बनकर आए और लड़कियां राधा बनकर आई जो बहुत सुंदर लग रहे थे। बच्चों को बताया गया कि जन्माष्टमी श्री कृष्ण के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है और देश के हर कोने में जन्माष्टमी का त्यौहार बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर नन्हे बच्चों ने बालकृष्ण के गानों पर अति सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया।

श्री कृष्ण बने बच्चों ने 'गोविंदा आला रे आला ज़रा मटकी संभाल बृजबाला' गाने पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया और हांडी फोड़ने का एक्ट प्रस्तुत किया। नटखट कृष्ण के ग्वालों के साथ स्कूल प्राचार्य ने दही-हांड़ी को फोड़कर सभी विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। इसके साथ ही इस कार्यक्रम में बच्चों को स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के विषय में बताया गया। कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए जहां कुछ बच्चों ने स्वतंत्रता और भारत-माता से संबंधित देशभक्ति की कविताएं सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। वही नर्सरी ,एलकेजी तथा यूकेजी के बच्चों ने देश भक्ति के गाने पर बहुत सुंदर प्रस्तुति दी। जिससे सारा वातावरण देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत हो गया।

### बच्चों को स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के बारे में बताया

बच्चों ने भारत माता और जय हिंद के नारों के साथ स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को और उत्साहवर्धक बनाया। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. विकास कोहली ने सभी बच्चों को स्वतंत्रता दिवस की तथा कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि बहुत से स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान से हम यह आजादी मिली है। उन्होंने बच्चों को देश भक्ति के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया । उन्होनें बताया कि श्री कृष्ण के जीवन से हमे कर्म करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने दही-हाड़ी फोड़ने के पीछे का तथ्य बताते हुए कहा कि अपने अभिमान को सदा समय-समय पर त्यागते रहो और सयंम व धैर्य को अपनाओ। उन्होंने बच्चो के द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सरहाना की और हमेशा हंसते मुस्कुराते रहने का तथा भगवान कृष्ण की तरह नटखट और चंचल बने रहने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि त्याहरों के अवसरों पर किए गए इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों को धर्म और संस्कारों से जोड़ते हैं और उनमें नैतिक मूल्यों का विकास होता है।

# रंगोत्सव में छात्रों ने मचाया धमाल शास्त्रीय नृत्य नेहा शर्मा ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद निर्देशानुसार अंबाला छावनी के फारुखा खालसा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय रंगोत्सव प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परियोजना समन्वयक ज्योति रानी एवं खंड शिक्षा अधिकारी मोनिका रानी के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी सहायक परियोजना समन्वयक पूजा शर्मा ने बताया कि जिला स्तरीय रंगोत्सव कार्यक्रम में नौ विभिन्न विद्याओं के अंतर्गत राजकीय विद्यालयों में कार्यरत उन अध्यापकों ने भाग लिया है। जिन्होंने खंड स्तर पर पुरुष एवं महिला वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इन विधाओं में शास्त्रीय स्वर संगीत, लोकगीत स्वर संगीत, शास्त्रीय वादन, लोकगीत वादन, शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य, थिएटर, दृश्य कला 2डी एवं दृश्य कला 3डी के अंतर्गत प्रतियोगिता करवाई गई।



अंबाला। विभिन्न स्पर्धाओं में हिस्सा लेने वाले वाले स्कूली छात्र। फोटो : हरिभूमि

प्रत्येक विद्या के पुरुष एवं महिला वर्ग के प्रथम स्थान प्राप्त विजेता अध्यापक अगस्त माह के अंत में आयोजित की जा रही राज्य स्तरीय रंगोत्सव प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। डीपीसी ज्योति रानी ने बताया कि जिला स्तरीय रंगोत्सव अध्यापकों की प्रतिभा के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सर्वोत्तम मंच है।

### लोक नृत्य में महिला वर्ग में नेहा रही प्रथम

इस दौरान शास्त्रीय नृत्य में महिला वर्ग में नेहा शर्मा, लोक नृत्य में महिला वर्ग में नेहा पुंज ने प्रथम, परमिंदर कौर ने द्वितीय एवं नूतन ने तृतीय स्थान व पुरुष वर्ग में दीदार सिंह ने प्रथम एव रविंद्र कुमार ने द्वितीय स्थान, शास्त्रीय स्वर संगीत में जगत सिंह ने पुरुष वर्ग में प्रथम एवं विकास समीर ने महिला वर्ग में प्रथम स्थान, लोकगीत स्वर संगीत में पुरुष वर्ग में संजय ने प्रथम, प्रदीप ने द्वितीय एवं महिला वर्ग में नीलम शर्मा ने प्रथम स्थान, लोकगीत वादन में शिव प्रकाश ने पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान, थिएटर एकल में पुरुष वर्ग से पंकज लोहान ने प्रथम स्थान एवं महिला वर्ग में मीणा आर्य ने प्रथम व पूनम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ के खिलाफ पुलिस का अभियान

**पानीपत।** पानीपत जिले में पुलिस ने रात को ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस की विभिन्न टीमों ने जगह-जगह नाकाबंदी कर 450 वाहन चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की। जांच में नशे का सेवन करके वाहन चलाने वाले 23 चालकों का चालान किया गया, जबकि अत्यधिक शराब पीकर वाहन चला रहे 9 चालकों के वाहन जब्त कर लिए गए। यातायात डीएसपी सुरेश कुमार सैनी ने बताया कि एसपी भूपेंद्र सिंह आईपीएस के निर्देशानुसार सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को ट्रैफिक नियमों की सख्ती से पालना कराने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस की यह कार्रवाई सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए की गई। उन्होंने कहा कि पुलिस लगातार यातायात के नियमों की पालना कराने के लिए जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक कर रही है। पुलिस का मकसद सड़कों पर कानून-व्यवस्था बनाए रखना और सड़क हादसों को रोकना है। शराब पीकर गाड़ी चलाना सड़क दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बनता है और यह मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 185 के तहत दंडनीय अपराध है। यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।







# ज्यादा देर नहीं चलेंगे कांग्रेस के जिलाध्यक्ष, किसी पर हुड्डा का तो किसी पर शैलाज गुट का स्टीकर

- पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कसा तंज, बड़ी संख्या में सिख समाज के लोग भाजपा में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। भाजपा में शामिल हुए लोग पूर्व मंत्री असीम गोयल के साथ।

पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने अपने निवास पर आए सैंकड़ों लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निवारण किया। इस जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत भारी संख्या में फरियादियों ने अपनी फरियाद रखी। जिनमें से अधिकतर का पूर्व मंत्री असीम गोयल ने मौके पर ही निवारण कर दिया गया, तो कई समस्याओं के लिए निवारण के लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिए। पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने बताया कि जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत लोग अपनी समस्याएं लेकर आएजिनमें से कुछ व्यक्तिगत थी कुछ सामाजिक थी तो कुछ जनता से जुड़ी थी। जिन्हें सुलझाया गया और अधिकारियों को भी निर्देश है कि जनता की समस्याओं का समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री हरियाणा के आदेशों पर यह जनसुनवाई कार्यक्रम चल रहे हैं और वीरवार को भारी संख्या में लोग आए थे।

### भाजपा में शामिल हुए लोग

गांव जगौली से आए सिख समाज के दर्जनों लोगों ने पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल की अध्यक्षता में भाजपा का दामन थामा। इस दौरान गोयल ने सभी को भाजपा का पटका पहनाकर उनका भाजपा में स्वागत किया। असीम गोयल ने कहा कि गांव जगौली से भारी संख्या में लोगों ने भाजपा का दामन थामा है। यह वह गांव है जिससे चुनाव में भाजपा को ज्यादा रिस्पांस नहीं मिला था लेकिन अब खुद भारी संख्या में लोग भाजपा में शामिल हुए है।






## खबर संक्षेप

### जंगल से खैर के पेड़ काटने के आरोपी तस्कर के खिलाफ केस दर्ज

**यमुनानगर।** छछरौली थाना पुलिस ने गांव मेहरनीवाला जंगल से खैर के पेड़ काटने के आरोप में एक खैर तस्कर के खिलाफ केस दर्ज किया है। वन विभाग की टीम को आता देखकर आरोपी खैर तस्कर मौके से फरार हो गया था। वन विभाग की टीम को मौके से खैर के तीन टुकड़े बरामद हुए थे। जानकारी के अनुसार कलसिया रेंज के वन राजिक अधिकारी दिनेश पुनिया ने बताया उसे सूचना मिली थी कि खैर तस्कर गांव मेहरनीवाला के जंगल से खैर के पेड़ काट रहे हैं। सूचना मिलते ही वह टीम के साथ मौके पर पहुंचा। इस दौरान टीम को आता देखकर खैर तस्कर मौके से फरार हो गया। टीम को मौके से खैर के तीन टुकड़े बरामद हुए। आरोपी की पहचान गांव जाटावाला निवासी साजिद के रूप में हुई।

### शिक्षा से रखें नाता, नौकरी के साथ जारी रखें पढ़ाई

**करनाल।** इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने पुलिस अकादमी, मधुबन में नव नियुक्त पुलिस कर्मियों के लिए आयोजित विशेष जागरूकता शिविर में कहा कि नौकरी के साथ शिक्षा को जारी रखना बेहद जरूरी है। इग्नू के लचीले पाठ्यक्रम कार्यरत कर्मियों के लिए अत्यंत लाभकारी हैं और हर पांच साल में नया कोर्स करने से ज्ञान और कौशल दोनों का विकास होता है। उन्होंने पुलिस कर्मचारियों को इग्नू के एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग, ह्यूमन राइट्स और पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन जैसे विशेष पाठ्यक्रमों की जानकारी दी।

### स्वतंत्रता दिवस: जिलाभर में प्रशासन ने किए सुरक्षा के कड़े इंतजाम

# चप्पे-चप्पे पर पुलिस की कड़ी नजर मंत्री अनिल विज करेंगे ध्वजारोहण

- जगाधरी अनाज मंडी में जिला स्तरीय कार्यक्रम बिलासपुर व रादौर में उपमंडलस्तरीय समारोह सीसीटीवी से रखेंगे नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

देश के 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रशासन द्वारा जिले भर में सुरक्षा के कडे इंतजाम किए गए हैं। खास बात यह है कि इस बार जगाधरी की नई अनाज मंडी में जिलास्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। वहीं, बिलासपुर व रादौर में उप मंडलस्तीरय समारोह का आयोजन होगा। इन समारोह स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों की पैनी नजर रहेगी। वहीं, जिला भर में पुलिस की चप्पे-चप्पे पर नजर रहेगी।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों पूरी

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जगाधरी की नई अनाज मंडी में आयोजित जिलास्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रदेश के उर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ध्वजारोहण करेंगे और मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस हर्षो उल्लास से मनाए जाने और अपने घरों पर तिरंगा फहराए जाने के लिए आहवान किया। उन्होंने सभी को रादौर, बिलासपुर व जगाधरी में मनाए जा रहे स्वतंत्रता दिवस समारोह में बढ़चढ़कर भाग लेने की अपील की। मौके पर उन्होंने व पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।

### दंगा निरोधक यंत्रो के साथ पुलिस कर्मी तैनात

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि जिले में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुरक्षा चाकचौबद कर दी गई है। पुलिस को विशेष रूप से सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। जिले के थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों को अपने अपने अधिकार क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। बिना नंबर वाले वाहनों की भी लगातार चेकिंग के निर्देश दिए हुए हैं। ताकि समारोह के दौरान किसी प्रकार की कोई असमाजिक गतिविधि उत्पन्न ना हों।

उन्होंने बताया कि जिला में आयोजित जिलास्तरीय समारोह स्थल व बिलासपुर और रादौर के



पार्थ गुप्ता, उपायुक्त।

उपमंडलस्तरीय समारोह स्थलों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इन स्थलों के आसपास दंगा निरोधक यंत्रो सहित जवान तैनात किए गए हैं। पब्लिक इन्ट्री गेट पर मैटल डोर डिटेक्टर लगाए गए हैं। जिले में चप्पे-चप्पे पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

### असामाजिक तत्वों के बारे में दें तत्काल सूचना

जिला पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने जिलेवासियों से किसी संदिग्ध व्यक्ति के बारे में बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार, होटल व ढ़ाबा, धर्मशाला व गेस्ट हाउस आदि में ठहरने का पता चलता है तो इसकी सूचना नजदीकी पुलिस स्टेशन, चौकी अथवा पुलिस कंट्रोल रुम में तुरंत दिए जाने की अपील की।

उन्होंने लोगों से भीड़ भरे स्थानों, बस स्टैंडो व रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर किसी संदिग्ध सामान व लावारिस वस्तु के दिखाई देने पर तुरंत पुलिस को सूचना दिए जाने के लिए आहवान किया। ताकि समय रहते अप्रिय घटना होने से बचा जा सके।



यमुनानगर। न्यू हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बांधा समां

- यू हैप्पी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में कार्यक्रम

**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वीरवार को जन्माष्टमी व स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने जहां नाच गाकर राधा-कृष्ण के प्रति प्रेम को व्यक्त किया वहीं देश के प्रति अपनी भावनाएं भी दर्शाई। शुभारंभ स्कूल चेयरमैन घनश्याम शर्मा ने सभी को स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी की बधाई देकर किया। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां हम अपनी स्वतंत्रता का जश्न मना रहे हैं वहीं प्रभु श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की तैयारियां भी चल रही हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल में हर पर्व को बहुत ही सुंदर ढंग से मनाया जाता है ताकि बच्चे अपने देश की सभ्यता व संस्कृति से जुड़े रहें। कार्यक्रम के दौरान नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक के बच्चों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां दी। नर्सरी कक्षा के बच्चों सिमरन, कृष्णा, नायरा, ईशान, ध्रूव, इनायत आदि ने धार्मिक गीतों पर शानदार प्रस्तुति दी। पहली से पांचवीं तक के बच्चों कांशा, ध्रूव, नवजोत, सृष्टि, जसमीत, तारा, आरव, शिवांश, आराध्या, तमन्ना, तान्या, विदिशा, रिषभ समेत कई बच्चों ने कृष्ण जी के गीतों पर झूमकर अपनी अपनी प्रस्तुतियां दी। छोटी-छोटी गईयां गीत पर बच्चों ने दी गई प्रस्तुति सभी के मन को छू गई। इसके अलावा रंग दे बसंती गीत पर बच्चों ने प्रस्तुति देते हुए देश के प्रति सम्मान को उजागर किया। जबकि छठी से आठवीं तक के बच्चों ने भी देशभक्ति गीतों पर अपना नृत्य प्रस्तुत कर प्रतिभा की झलक दिखाई। प्राचार्या कमलेश सिक्का ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों में किसी भी प्रकार से प्रतिभा की कमी नहीं होती। बशर्ते उन्हें एक अच्छा मार्गदर्शक व प्रेरणास्त्रेत मिलना चाहिए।



यमुनानगर। होली मदर पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुतियां देते बच्चे। फोटो: हरिभूमि।

## होली मदर पब्लिक स्कूल में 250 बच्चों ने एक साथ दी वंदे मातरम की प्रस्तुति, दर्शक मंत्रमगुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

होली मदर पब्लिक स्कूल में वीरवार को स्वतंत्रता दिवस उल्लास के साथ मनाया गया। अनेक प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। सुबह से ही स्कूल का वातावरण देशभक्ति की भावना से भरा था। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई। जिसमें स्कूल के शिक्षक व विद्यार्थियों ने देश भक्ति पर प्रेरणादायक विचार व्यक्त किए और स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्या मोनिका ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों ने जय हिंद की आकर्षक मानव श्रृंखला बनाकर सभी को भावविभोर कर दिया। बच्चों ने एकता, भाईचारे व देशप्रेम का संदेश दिया। करीब 250 विद्यार्थियों ने एक साथ खड़े होकर सामूहिक रूप से वंदे मातरम गीत का गायन किया। मानव श्रृंखला बनाने में रेखा, भानू, नवीन, आरती, हरप्रीत, पूनम, जसविन्दर, अंजलि सभी अध्यापकगण ने अपना सहयोग दिया। वहीं, बच्चों ने देशभक्ति गीत, कविताएं, नृत्य और भाषण प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। खास बात यह रही कि छोटे-छोटे बच्चों द्वारा किया गया नृत्य और गीत सभी के दिलों को छू गया। कुछ विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता संग्राम की कहानियां और महान नेताओं के प्रसंग सुनाए। प्राचार्या ने कहा कि स्वतंत्रता हमें केवल अधिकार नहीं देती है। बल्कि यह हमें जिम्मेदारियों का भी अहसास कराती है। हमें एक अच्छे नागरिक बनकर देश की प्रगति में योगदान देना चाहिए। बच्चों को चाहिए कि वे ईमानदारी, अनुशासन व मेहनत को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।

### पूर्वजों ने दिया बलिदान

स्कूल चेयरमैन जीएस शर्मा ने कहा कि हम आज हम स्वतंत्र हैं। क्योंकि हमारे पूर्वजों ने अपनी जान की परवाह किए बिना बलिदान दिया। हमें उनकी कुर्बानियों को हमेशा याद रखना चाहिए और ऐसे कार्य करने चाहिएं जो देश को आगे बढ़ाएं। शिक्षा, एकता और अच्छे संस्कार ही भारत को मजबूत बनाएंगे। हमें अपने आचरण और कर्मो से आने वाली पीढ़ी के लिए एक आदर्श स्थापित करना चाहिए। कार्यक्रम का समापन बच्चों द्वारा भारत माता की जय और वंदे मातरम के जय घोष से किया गया।

## दुर्गा गार्डन कॉलोनी में पिता-पुत्र ने व्यक्ति पर डंडे से किया हमला, घायल

- आपसी रंजिश में दिया वारदात को अंजाम, पुलिस ने दर्ज किया केस।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की छोटी लाइन स्थित दुर्गा गार्डन कॉलोनी में पिता-पुत्र ने एक व्यक्ति पर डंडों से हमला कर घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद पिता-पुत्र के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जगाधरी की दुर्गा गार्डन निवासी सोनी ने बताया कि उसके पति सतीश का कुछ दिन पहले उमेश के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। उस समय लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था। उसी रंजिश में 12 अगस्त को रात नौ बजे उसका पति सतीश कॉलोनी में किसी काम से जा रहा था। इस दौरान आरोपी उमेश ने उसके पति को रास्ते में रोका व अपने पिता लक्ष्मण के साथ मिलकर उस पर डंडों से हमला कर दिया। जिससे उसका पति घायल हो गया। शोर सुनकर जब अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार गए। उसने अपने पति को अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खालसा कॉलेज में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज में राष्ट्रीय नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत एनएसएस यूनिट एवं ईको क्लब द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों व शिक्षकों को पौधे वितरित किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. प्रतिमा शर्मा ने कॉलेज परिसर में पौधा लगाकर किया। उन्होंने कहा कि पौधे लगाना केवल पर्यावरण की देखभाल का कार्य नहीं है बल्कि यह जीवन को संवारने और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ भविष्य बनाने की प्रतिबद्धता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हेमंत मिश्रा, डॉ. गियान भूषण एवं डॉ. पायल लांबा ने कहा कि नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता के साथ-साथ वृक्षारोपण जैसे सकारात्मक कदम युवाओं में जिम्मेदारी, अनुशासन और सामुदायिक कल्याण की भावना को बढ़ावा देते हैं। इस मौके पर डॉ. अमरजीत सिंह, डॉ. अनुराग, डॉ. इकबाल, डॉ. कैथरीन मसीह, डॉ. तिलक राज, डॉ. किरण पाल सिंह विरक इत्यादि मौजूद रहे।



यमुनानगर। गुरू नानक खालसा कॉलेज में पौधरोपण करते शिक्षक।

## छात्र जीवन में पीते थे 3 किलो दूधः कल्याण

- स्वतंत्रता सेनानी स्व. रणधीर राणा की 105 वर्षीय पत्नी फुलवती से मिले विस अध्यक्ष

**घरौंडा।** विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने स्वतंत्रता सेनानी स्व. रणधीर सिंह राणा की 105 वर्षीय पत्नी फुलवती राणा से उनके आवास पर मिलने पहुंचे। सेहत व परिवार का हालचाल बताते हुए फुलवती देवी ने बताया कि वे आज भी तीन बार दूध पीती हैं। उनके बेटे ने बीच में दखल देते हुए बताया कि चने भी खाती हैं। तभी स्पीकर बोले-कॉलेज के दिनों में वे भी दिन में तीन-तीन किलो दूध पी जाते थे लेकिन आज के जाकत ऐसा नहीं कर रहे हैं। फुल्लो देवी से कहा कि आपने संघर्षपूर्ण व सादा जीवन देखा हुआ है, उस वक्त आजादी के लिए कितने लोगों ने कुर्बानी दी यह किसी से नहीं छिपा। उस स्वाधीनता संघर्ष की जानकारी आज बच्चों को पुस्तकों के जरिए प्राप्त हो रही है। उन्होंने फुल्लो देवी की लंबी उम्र और स्वस्थ जीवन की कामना की विधानसभा अध्यक्ष ने गत दिवस भी तिरंगा यात्रा के शुभारंभ मौके पर स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को सम्मानित करते हुए नागरिकों से अपील की थी कि वे भविष्य में भी इनका पूरा ध्यान रखें। समय-समय पर उनकी कुशलक्षेम जानें और यथा संभव सहायता करें। पुरानी यादों को ताजा किया। वे सुबह वार्ड दस में रणधीर सिंह के घर पहुंचे। सत्याग्रह आंदोलन में भाग लेने के कारण उन्हें ढाई साल की सजा हुई थी। 1939 में नांदेड़ (महाराष्ट्र) में एक हफ्ता और फिर निजामुद्दीन हैदराबाद में तीन महीने छह दिन जेल में बंद रहे। बाकी सजा उनकी माफ कर दी गई थी। उनका 4 दिसंबर 1992 में निधन हो गया था।

## वाद विवाद स्पर्धा से बढ़ता है विद्यार्थियों का ज्ञान

- स्टार वे स्कूल खुर्दी में वाद विवाद प्रतियोगिता, स्कूल चेयरपर्सन स्नेहलता व प्राचार्या दीपमाला कांबोज ने किया शुभारंभ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

स्टार वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल खुर्दी (यमुनानगर) में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सोशल मीडिया पर जमकर वाद विवाद किया। प्रतियोगिता में 110 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल चेयरपर्सन स्नेहलता व प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने की।



यमुनानगर। वाद-विवाद प्रतियोगिता में हिस्सा लेते विद्यार्थी।

विद्यालय की प्रधानाचार्या दीप माला कांबोज ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियो का ज्ञानवर्धन होता है। वहीं, उन्हें ज्वलंत मुद्दों पर वाद विवाद करके अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां न केवल ज्ञानवर्धन करती हैं। बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में भी अहम भूमिका निभाती हैं।

उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति आत्मविश्वास बढ़ाना, उच्चारण में सुधार करना, विषय की गहन अध्ययन एवं समझ विकसित करना, बोलचाल में प्रवाह लाना तथा अपनी बात प्रभावी ढंग से व्यक्त करने की क्षमता को प्रोत्साहित करना रहा। मौके पर विद्यालय की चेयरपर्सन स्नेहलता ने कहा कि विद्यार्थियों ने वाद विवाद प्रतियोगिता में अपने विचार प्रभावशाली तरीके से रखे। कार्यक्रम के अंत में विजेता विद्यार्थियों को प्रंशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया व सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की प्रशंसा की ।

## अपने दांतों की बीमारियों को हल्के में न लें इससे हो सकता है हृदय रोग:-डॉ. निफिया



यमुनानगर। डीएवी डेंटल कालेज में चल रहे तीन दिवसीय समीक्षा कार्यक्रम में दूसरे दिन भाग लेते दंत रोष विशेषज्ञ व विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दांतों की बीमारियों को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। क्योंकि दांत की बीमारियों से शरीर को भी नुकसान हो सकता है । यहां तक की मुंह की बीमारी से डायबिटीज और हृदय तक की बीमारी हो सकती है। उक्त जानकारी डीएवी डेंटल कॉलेज में भारतीय सोसायटी ऑफ पीरियोडोंटोलॉजी और इम्प्लांटोलॉजी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर के तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन दंत रोग विशेषज्ञों ने दी।

भारतीय सोसायटी ऑफ पीरियोडोंटोलॉजी और इम्प्लांटोलॉजी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षा डॉ. निफिया पंडित ने कहा कि दांतों में दर्द न होने का मतलब यह नहीं है कि मुंह में कोई बीमारी नहीं है। हर 6 माह बाद दांतों का चेकअप करवाना चाहिए। हम लोग दांतों में दर्द होने पर ही डॉक्टर के पास जाते हैं। ऐसे में तब तक कई बीमारियां हमें जकड़ चुकी होती हैं। उन्होंने कहा कि पायरिया, जिसे पेरियोडोंटल बीमारी भी कहा जाता है। मसूड़ों और हड्डियों का एक गंभीर संक्रमण है जो दांतों को सहारा देते हैं। इसके लक्षणों में मसूड़ों से खून आना, सूजन, लालिमा, सांसों की बदबू और दांतों का ढीला होना शामिल है। उपचार में आमतौर पर दंत सफाई, सर्जरी और एंटीबायोटिक्स शामिल होते हैं। अमृतसर से पहुंची डॉक्टर सुप्रीत कौर ने कहा कि मुंह की बीमारियों से शरीर मे भी अनेक बीमारियां पनप सकती हैं। आमतौर पर जागरूकता के अभाव में हम दांतों की बीमारियों को गंभीर नहीं मानते व समय पर इसका इलाज नहीं करवाते। पंजाब यूनिवर्सिटी डेंटल कॉलेज चंडीगढ़ की डॉक्टर विशाखा ग्रोवर व लखनऊ से आई डॉ. मोना शर्मा ने कहा कि डेंटल कॉलेज यमुनानगर में आयोजित समीक्षा कार्यक्रम अपनी अलग पहचान बना चुका है। मसूड़े के विशेषज्ञ डॉक्टर डीएस कलसी ने कहा कि कोई भी बीमारी ऐसी नहीं है जिसका इलाज नहीं हो सकता। बशर्तें समय रहते मरीज डॉक्टर के पास पहुंच जाए। इस मौके पर डॉ. गुरु प्रकाश सिंह, डॉ. आशुतोष नरूला, डॉ. शलिनी गुगनानी, डॉ. डीएस कलसीए, डॉ. नितिन खुल्लर, डॉ. राजन गुप्ता, डॉ. दीपिका बाली ने अपने अनुभवों एवं नई रिसर्च से अवगत करवाया।

### पोस्टग्रेजुएशन के छात्रों के लिए समीक्षा एक अच्छा मंच

उन्होंने कहा कि दांतों की बीमारियों से डायबिटीज, निमोनिया और हृदय रोग जैसी अनेक बीमारियां हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि पोस्टग्रेजुएट के इन छात्रों को दंत चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे रिसर्च से अवगत करवाया जा रहा है ताकि डाक्टर बनने के बाद यह छात्र आम जनमानस की बीमारियों ठीक कर सकें। उन्होंने कहा कि संस्था समय समय पर लोगों को दांतों की बीमारियां से अवगत करवाने को लेकर कार्यक्रम आयोजित करती रहती हैं। वहीं, लखनऊ से आए विशेषज्ञ अमिताभ श्रीवास्तव ने कहा कि पोस्टग्रेजुएशन के छात्रों के लिए समीक्षा एक अच्छा मंच है। यहा से मिली जानकारी इन छात्रों के भविष्य के लिए काफी फायदेमंद साबित होगी।

### पढ़ाई पर कार्यक्रम का पूरा फोकस

उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में पूरा फोकस पढ़ाई पर रहता है और यही कारण है कि इसका लाभ उठाने के लिए पूरे देश से छात्र इसका लाभ उठाने आते हैं। उन्होंने कॉलेज प्राचार्या डा. आईं के पण्डित व डॉक्टर निफिया पंडित की तारीफ करते हुए कहा कि इनके नेतृत्व में पूरी कालेज टीम कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटी हुई हैं। वहीं, लखनऊ से ही आए डॉ. विनीत बैंस ने कहा कि पोस्टग्रेजुएशन के छात्रों को परीक्षा में क्या तैयारी करनी है और दंत चिकित्सा के क्षेत्र में क्या क्या नई रिसर्च हुई है बारे विशेषज्ञ द्वारा जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने छात्रों को पायरिया शरीर के अन्य हिस्सों को क्या क्या नुकसान पहुंचता है बारे बताया।

### सिरसा में हुई सीबीएसई क्लस्टर प्रतियोगिता

# फुटबॉल में गुरुकुल खरकाली विजेता

- विजेता टीम का गुरुकुल खरकाली में पहुंचने पर स्टाफ ने किया जोरदार स्वागत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

गुरुकुल खरकाली के फुटबाल खिलाड़ियों ने सिरसा में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर फुटबाल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर गुरुकुल का नाम रोशन किया है। विजेता टीम के गुरुकुल में पहुंचने पर स्टाफ सदस्यों ने खिलाड़ियों का स्वागत किया।

गुरुकुल की प्रिंसीपल आशा चौधरी ने बताया कि गत दिवस सीबीएसई द्वारा सिरसा में क्लस्टर फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें उनके गुरुकुल की फुटबाल टीम ने भी भाग लिया। उन्होंने बताया कि उनके गुरुकुल की अंडर 14 व 17 आयु वर्ग की टीमों ने पांच मैच जीतकर गुरुकुल का नाम रोशन किया। इस दौरान फुटबाल प्रतियोगिता का फाइनल मैच गुरुकुल खरकाली व दुर्गा पब्लिक स्कूल सोलन के बीच खेला गया।



रादौर। गुरुकुल खरकाली में विजेता खिलाड़ियों का स्वागत करते स्टाफ सदस्य।

### दुर्गा स्कूल को हराकर गुरुकुल ने जीती ट्रॉफी

जिसमें गुरुकुल की टीम ने दुर्गा पब्लिक स्कूल की टीम को 1.0 हराकर ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। इस दौरान गुरुकुल के फुटबाल खिलाड़ी सक्षम स्वामी को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। वहीं 17 आयु वर्ग में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच 12.11 के स्कोर से पेनल्टी में गुरुकुल खरकाली ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। केशव कांबोज को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर चुना गया।

गुरुकुल खरकाली में पहुंचने पर कोच अनुज मान व खिलाड़ियों का प्रिंसीपल आशा चौधरी, वाइस प्रिंसीपल सतवीर सिंह लालर, चीफ वार्डन सचिन आर्य ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. अमन पंजेटा, रणधीर सिंह, अमित, सतबीर सिंह, सचिन, अनुज मान, विनोद शास्त्री, मोनिका, साहिल व विशाल आदि मौजूद रहे।